'मेट्रो-3 शुरू होने पर 7 लाख वाहन होंगे कम'

Pankaj.Pandey@timesgroup.com

■ **मुंबई:** मेट्रो-3 का मंगलवार से ट्रायल रन शुरू हो गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हरी झंडी दिखाकर ट्रायल रन के लिए मेट्रो-3 कॉरिडोर की पहली ट्रेन को रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जिन स्थानों पर रेलवे की कनेक्टिविटी नहीं है, उन स्थानों पर मेट्रो 3 के माध्यम से कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इस रूट पर सेवा शुरू होने से वायु और ध्वनि प्रदूषण कम होगा। वहीं, फडणवीस ने कहा कि मेट्रो 3 कॉरिडोर के रूप में मुंबई की नई लाइफलाइन तैयार की जा रही है। अब मेट्रो को दौड़ने से कोई रोक नहीं सकता है। मेट्रो की इस लाइन के शुरू होने के बाद सड़कों से करीब 7 लाख वाहन हट जाएंगे। वाहनों की वजह से होने वाला करीब 2.50 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा। फडणवीस ने कहा कि परियोजना का विरोध पर्यावरणीय कारणों से ज्यादा राजनीतिक वजहों से किया गया। अगले वर्ष से मेट्रो सेवा आम जनता के लिए उपलब्ध होगी।

मुंबई में ट्रायल रन के मौके पर बोले उप मुख्यमंत्री

PTI

सीएम एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मेट्रो-3 का ट्रायल रन शुरू किया।

बेस्ट के यात्रियों को 75% की छूट

प्रसं, मुंबई: बेस्ट ने बस यात्रियों को गणेशोत्सव पर सौगात दी है। गणेशोत्सव के दौरान बेस्ट के यात्रियों को किराये में छूट मिलेगी। इसके तहत 'चलो ऐप' के यूजर्स को 799 रुपये के सुपर सेवर प्लान में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह प्लान 199 रुपये में उपलब्ध होगा। यह छूट 31 अगस्त से 10 सितंबर तक लागू रहेगी। इसमें 20 रुपये वाली 50 फेरी की जा सकती हैं। बेस्ट प्रशासन के मुताबिक, यह छूट एसी और नॉन-एसी दोनों बसों में लागू होगी। योजना का लाभ उठाने के लिए गूगल प्ले स्टोर से 'चलो ऐप' डाउनलोड करना होगा।

गणेशोत्सव पर 'चलो ऐप' यूजर्स को बेस्ट की विशेष सौगात